## संपादकीय

# कटुता के बोल

दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान मंत्रियों और सांसदों ने जिस तरह की कटुतापूर्ण और विभाजनकारी बयानबाजी की है, उसे लोकतंत्र के लिए शुभसंकेत कतई नहीं कहा जा सकता। अब विरोध के बीच चुनाव आयोग ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर 72 घंटे और भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा पर 96 घंटे का बैन लगाया है। यानी वे अगले मशः तीन व चार दिन तक चुनाव प्रचार नहीं कर पायेंगे। इससे पहले आयोग ने भाजपा से इन नेताओं को स्टार प्रचारकों की सूची से बाहर निकालने को कहा था। निःसंदेह जिस स्तर की हिंसापरक व विभाजनकारी बयानबाजी इन नेताओं के तरफ से हुई थी, उसे देखते हुए चुनाव आयोग की कार्रवाई महज रस्म-अदायगी नजर आती है। इससे पहले मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार विवादित नेता कपिल मिश्रा का ट्वीट भी खासा विवाद की वजह बना था। उन्होंने आठ फरवरी के चुनाव को भारत बनाम पाक कहा था। चुनाव आयोग ने बाद में ट्विटर को बयान को डिलीट करने को कहा था। मगर सोशल मीडिया के दौर में बयान डिलीट करने के कोई मायने नहीं होते। इतनी ही नहीं, भाजपा के दिग्गज नेता और गृहमंत्री भी इससे पहले बयान दे चुके हैं कि ईवीएम का बटन इतने जोर से दबाना कि उसका करंट शाहीन बाग में महसूस हो। यह विडंबना ही है कि राजनताओं की बयानबाजी में निरंतर गिरावट का म जारी है, जिसमें विभाजनकारी बयानबाजी का पुट बढ़ता ही जा रहा है। अनुराग ठाकुर का गद्दारों को गोली मारने वाला बयान हो या फिर सांसद प्रवेश वर्मा का शाहीन बाग के आंदोलनकारियों के बारे में दिया गया बेहद आपत्तिजनक बयान हो, किसी भी तरह सभ्य व लोकतांत्रिक समाज के अनुरूप नहीं है। केंद्र सरकार और उसके नेताओं को इस बात का भान होना चाहिए कि लोकतंत्र में विरोध नागरिकों का अधिकार है। सरकार की कोशिश हो कि विरोध कर रहे लोगों की शंकाओं का समाधान करे। मुद्दे पर सार्वजनिक विमर्श हो। विरोध के चलते किसी की राष्ट्रीयता व देशभक्ति पर सवाल खड़ा नहीं किया जा सकता। किसी भी जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के बयान में हिंसा का व्यवहार जनता के बीच पहुंचकर हिंसा की जमीन तैयार कर देता है, जिसका खमियाजा समाज और देश को ही भुगतना पड़ता है। साध्वी प्रज्ञा से लेकर अनुराग ठाकुर तक तल्ख बयानबाजी करने वालों नेताओं के खिलाफ अब तक पार्टी की तरफ से कोई सख्त कार्रवाई होती नजर नहीं आई है, जिससे पार्टी की छवि को इन बयानबीरों के प्ररिप्रेक्ष्य में देखा जायेगा। जिससे स्वस्थ लोकतंत्र व धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों की अवमानना ही होती है। देश की राजधानी के मंचों से कटुता के बयानों का संदेश पूरे देश में जायेगा।

# कोरोना वायरस के चलते शंघाई शेयर बाजार करीब आठ प्रतिशत गिरा



**शंघाई (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के 20 से अधिक देशों में फैलने से बढ़ी चिंताओं के बीच चीन का प्रमुख शेयर सूचकांक शांघाई सोमवार करीब आठ प्रतिशत गिर गया। यह चीन के बाजार की पांच साल की सबसे बड़ी गिरावट है। हालांकि चीन के नियामकों ने बाजार को स्थिर करने के लिए कई कदम उठाए हैं। कोरोना वायरस से दुनियाभर में अब तक 360 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, जबकि रविवार रात तक इससे प्रभावित 17,000 से अधिक लोगों की पहचान की गयी है। इसके तेजी से हो रहे प्रसार का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। बाजार में निवेशकों के बीच इसे लेकर काफी डर है। चीनी नव वर्ष की सप्ताह भर लंबी छुट्टी के बाद शंघाई शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट दिखी। शांघाई कंपोजिट शेयर सूचकांक आठ प्रतिशत तक गिरकर बंद हुआ। यह अगस्त 2015 के बाद की सबसे बड़ी गिरावट है। शंघाई कंपोजिट 229.92 अंक यानी 7.72 प्रतिशत घटकर 2,746.61 अंक पर बंद हुआ। छुट्टियां शुरू होने से पहले बाजार 23 जनवरी को खुला था और उस दिन शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 2.8 प्रतिशत गिरा था। चीन सरकार 2008 में वैश्विक मंदी और 2002-2003 में सार्स बीमारी के फैलने के बाद बाजारों में उथल-पुथल को रोकने के दौरान भी वह इस तरह के कदम उठा चुकी है। चीन की अधिकतर बड़ी कंपनियां और वित्तीय संस्थान सरकार के नियंत्रण में हैं। रविवार को चीन के केंद्रीय बैंक ने बाजार में 1,200 अरब युआन (173 अरब डॉलर) की अतिरिक्त नकद राशि झोंकने की योजना की घोषणा की। यह पैसा बांड की ताकि बाजार में नकदी पर्याप्त मात्रा में बनी रहे।

# सुपरलीगा अर्जेंटीना : रिवर प्लेट की कॉरडोबा पर शानदार जीत



**ब्यूनस आयर्स अर्जेंटीना के फुटबाल क्लब रिवर प्लेट ने अपने 10 खिलाड़ियों से खेलने के बावजूद सेंट्रल कॉरडोबा को 2-0 से हराकर सुपरलीगा अर्जेंटीना लीग की अंकतालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।**

मेजबान रिवर प्लेट को 14वें मिनट में ही एक झटका लगा जब उसके खिलाड़ी पाउलो डियाज को रेड कार्ड दिखा दिया और टीम को इसके बाद अपने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

रिवर प्लेट की टीम ने हालांकि हाफ टाइम समाप्त होने से कुछ मिनट पहले ही फॉरवर्ड राफेल बोरे के गोल की मदद से 1-0 की बढ़त बना ली। मेजबान टीम के लिए दूसरा गोल इगनासियो सोको ने इंजुरी टाइम में दागा। रिवर प्लेट की यह लगातार तीसरी जीत है और टीम के 18 मैचों से 36 अंक हो गए हैं और वह अंकतालिका में टॉप पर पहुंच गई हैं।

# शुरुआती कारोबार में रुपया 34 पैसे कमजोर



**मुंबई (आरएनएस)।** मुद्रा बाजार कारोबारियों के आम बजट 2020-21 से निराश होने के चलते शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को 34 पैसे टूटकर 71.66 पर खुला। मुद्रा कारोबारियों के अनुसार दुनियाभर में कोरोना वायरस के प्रसार के बढ़ते डर और राजकोषीय घाटा लक्ष्य से अधिक रहने ये उभरी चिंताओं के चलते रुपये में कमजोर रुख देखा गया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को आम बजट पेश किया। इसमें चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 3.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। जबकि आम बजट 2019-20 में यह लक्ष्य 3.3 प्रतिशत रखा गया था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार पर रुपया कमजोर रुख के साथ 71.62 पर खुला। बाद में यह पिछले बंद स्तर के मुकाबले 34 पैसे और गिर गया। सुबह के कारोबार में यह 71.66 रुपये प्रति डॉलर पर चल रहा है। शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 71.32 पर बंद हुआ था। आरंभिक आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शुक्रवार को 1,199.53 करोड़ रुपये की निकासी की। इस बीच ब्रेंट कच्चा तेल 0.78 प्रतिशत गिरकर 56.18 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# गांगुली को 4 राष्ट्रों की सीरीज के लिए ईसीबी, सीए की हां का इंतजार



**नईदिल्ली।** सौरभ गांगुली ने बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद ही कह दिया था कि बोर्ड हर साल चार राष्ट्रों की सीरीज आयोजित करने की कोशिश करेगा, जिसमें भारत, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के अलावा एक और टीम होगी। बीसीसीआई अधिकारियों ने इस बाबत इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) से मुलाकात भी की लेकिन ऐसा लग रहा है कि गांगुली को ईसीबी और सीए की हां के लिए और इंतजार करना होगा। इस मामले से संबंध रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा है कि भारतीय बोर्ड अभी भी सीए और ईसीबी से चार राष्ट्रों की सीरीज को लेकर हां का इंतजार है। सूत्र ने कहा, हम चार राष्ट्रों की सीरीज के लिए तैयार हैं और हमारे अधिकारियों ने दिसंबर में ईसीबी और जनवरी में सीए के अधिकारियों से बात की है। लेकिन बातचीत को लेकर अगले दौर में ले जाने को लेकर कुछ मुद्दे हैं जिन्हें सुलझाना बहुत जरूरी है। हमें हो सकता है कि थोड़ा बहुत इंतजार करना पड़े। ईसीबी ने दिसंबर में बीसीसीआई के अधिकारियों से मुलाकात के बाद एक बयान जारी किया था

# पांड्या के बाद अब रोहित भी न्यूजीलैंड के साथ होने वाली वनडे और टेस्ट सीरीज से बाहर



**नईदिल्ली।** भारत के सीमित ओवरों के उपकप्तान रोहित शर्मा पिंडली में लगी चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली वनडे और टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। रोहित को रविवार को माउंट माउंगानुई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में बल्लेबाजी करते समय पिंडली में चोट लग गई थी। इसके बाद वह रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और फिर वह फील्डिंग के लिए मैदान पर नहीं आए थे। टीम प्रबंधन के सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, हां, रविवार को चोटिल होने के कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली वनडे और टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। रोहित की जगह किसे वनडे सीरीज और टेस्ट सीरीज में चुना जाएगा, इसे लेकर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इससे पहले भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। अब रोहित का इस तरह बाहर होना टीम इंडिया के लिए किसी झटके से कम नहीं है। भारत को न्यूजीलैंड के साथ पांच फरवरी से तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है और उसके बाद दोनों टीमों के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज होनी है।

# सोना वायदा भाव 355 रुपये टूटा



**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक बाजारों के कमजोर संकेतों के बीच सोना वायदा भाव 355 रुपये तक टूटकर 40,893 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

इसकी प्रमुख वजह सटोरियों का अपने सौदे में कटान करना रही। एमसीएक्स पर फरवरी डिलीवरी सौदों के लिए सोना वायदा भाव 355 रुपये यानी 0.86 प्रतिशत टूटकर 40,893 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इसके लिए 33 लॉट का कारोबार हुआ। इसी तरह अप्रैल डिलीवरी के लिए यह भाव 189 रुपये यानी 0.46 प्रतिशत घटकर 41,016 रुपये प्रति 10 पर आ गया। इसके लिए 2,664 लॉट का कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना भाव 0.17 प्रतिशत गिरकर 1,585.20 डॉलर प्रति औंस रहा।

## आज का राशिफल

मेषः ग्रहों के द्वारा ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि आपको इस समय हर काम को सोचसमझकर और धीरे-धीरे आगे बढ़ाना चाहिए।

वृषभः अब आप अपने आपको भाग्यशाली कहने में अधिक इंतजार नहीं कर पाएंगे क्योंकि जल्द ही भाग्य आपके ऊपर मेहरबान होने वाला है।

मिथुनः आज के दिन आपको ऐसा लगेगा कि जैसे बुरा वक्त अब टल गया है।

कर्कः अपने कार्यक्षेत्र या व्यापार में आज आपको अपनी बेहतर स्थिति और पहचान बनाने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

सिंहः जिन घरेलू समस्याओं से आप जूझ रहे हैं उनको हल करने के लिए आपको कुछ सामाजिक संपर्क और लोगों से बातचीत करनी होगी।

कन्याः आज के दिन आपको अपने सामाजिक दायरे में उठने-बैठने से विशेष सम्मान हासिल हो सकता है।

तुलाः इस समय आपके गिरते स्वास्थ्य पर सबकी नजर है यह कुछ ऐसा मामला भी हो सकता है।

वृश्चिकः अपने कामकाज को संवारने में आप आज के दिन कर्म से ज्यादा भाग्य पर भरोसा रख सकते हैं।

धनुः आज आप किसी प्रकार के सौदे के कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए आतुर रहेंगे। यदि किसी की जमानत दे रहे हों तो उसमें सावधानी रखना जरूरी है।

मकरः आज के दिन अपने कामकाज में आपकी मजबूत स्थिति के लिए कुछ लोग आपको अपनी ओर खींचने की चेष्टा कर सकते हैं।

कुंभः इस वक्त आपको समय के साथ स्वयं को भी बदलने की कोशिश करनी चाहिए।

मीनः आज आप अपने अन्दर कुछ ताजगी और हल्कापन महसूस करेंगे। काफी दिनों से चल रहा मानसिक तनाव अब खुदबखुद गायब हो रहा है।

# तो सैम मानेकशॉ की बायॉपिक सैम में नजर आएगी कियारा आडवाणी



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कियारा आडवाणी के हाथ में इस समय कई प्रॉजेक्ट हैं। ऐक्ट्रेस की इस साल भूल भुलैया 2 और लक्ष्मी बम और शेरशाह रिलीज होने वाली है।

कियारा आडवाणी फिल्म भूल भुलैया 2 में कार्तिक आर्यन, फिल्म लक्ष्मी बम में अक्षय कुमार और शेरशाह में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। वहीं अब ऐसी खबर है कि वह फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की बायॉपिक सैम में ऐक्ट्रेस नजर आ सकती हैं।

कियारा आडवाणी इन सभी फिल्मों में लोगों को प्रभावित करने के लिए तैयार हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, सब कुछ सही रहा तो कियारा आडवाणी फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की बायॉपिक सैम में विकी कौशल के साथ नजर आ सकती हैं। यह फिल्म अगले साल शुरू होगी। इस बायॉपिक को रॉनी स्क्रूवाला प्रड्यूस कर रहे हैं और इसे भावनी अय्यर और शांतनु श्रीवास्तव ने लिखा जो इससे पहले बधाई हो जैसी सुपरहिट फिल्म लिख चुके हैं।

मेघना गुलजार के डायरेक्शन में बनने वाली इस बायॉपिक की बात करें तो सैम में विकी कौशल फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की भूमिका निभाएंगे। बता दें कि भारत-पाकिस्तान के 1971 के युद्ध के समय सैम मानेकशॉ भारतीय सेना के प्रमुख थे।

कियारा आडवाणी हाल ही में डायरेक्टर राज मेहता की फिल्म गुड न्यूज में नजर आई थीं। इस फिल्म में बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

# गो गोवा गॉन 2 के कुछ तार्किक मुद्दे हैं : कुणाल खेमू



ऐक्टर कुणाल खेमू का कहना है कि साल 2013 में आई फिल्म 'गो गोवा गॉन' का सीक्वल तार्किक (लॉजिस्टिक) मुद्दों में से होकर गुजर रहा है, इसलिए पिछले कुछ सालों से इस प्रॉजेक्ट पर काम शुरू नहीं हो सका है। फिल्म की शूटिंग के शुरू होने की संभावना के सवाल पर कुणाल खेमू ने बताया कि यह मेरा भी सवाल है क्योंकि मैंने भी इसकी घोषणा पढ़ी है। इसके अलावा मेरे पास और कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने (फिल्म के निर्माता) पिछले तीन सालों में दो बार 'गो गोवा गॉन 2' का ऐलान किया। कुछ तार्किक मुद्दे हैं।

कुणाल खेमू ने कहा कि जब तक हम फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं करेंगे, तब तक मैं यकीन नहीं करूंगा क्योंकि पिछले दो सालों में मैं इस फिल्म को लेकर कई तरह से उत्साहित रहा हूं और यह मेरे दिल के बेहद करीब है। निर्माताओं के मुताबिक, मूल फिल्म की कहानी जहां खत्म हुई थी वहीं से इसकी कहानी शुरू होगी। फिल्म में हर कलाकार के अपने किरदारों को दोहराने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें कि 'गो गोवा गॉन' में कुणाल खेमू के अलावा सैफ अली खान, वीर दास और आनंद तिवारी भी नजर आए थे। इस फिल्म में दिखाया जाता है कि तीन दोस्त गोवा की ट्रिप पर जाते है लेकिन वह ट्रिप उनके बुरे सपने जैसी साबित होती है। कुणाल खेमू इस समय अपनी अपकमिंग फिल्म 'मलंग' के प्रमोशन में बिजी है।

# जानिए चीज पिज्जा ऑमलेट बनाने की रेसिपी



### सामग्री :-

अंडे - 3

नमक, काली मिर्च-स्वादानुसार काली मिर्च स्वादानुसार लाल मिर्च- 1/2 छोटा चम्मच से भी कम कुकिंग ऑयल आवश्यकतानुसारब्रेड स्लाइस, पिज्जा सॉस, चीज ओरेगेना-एक छोटी चम्मच प्याज- 1 कटा हुआ, कटी हुई लाल-पीली शिमला मिर्च

### विधि :-

1.चीज पिज्जा ऑमलेट बनाने के लिए सबसे पहले अंडे को पानी से धो लें. इसके बाद इसे इस बौल में तोड़ लें और फिर चम्मच से फेंट लें. इसमें काली मिर्च, नमक लाल मिर्च पाउडर और ओरेगेनो डालकर फिर फेंटें.

2.अब चीज पिज्जा ऑमलेट बनाने के लिए एक नॉनस्टिक पैन में थोड़ा सा तेल डालकर गर्म करें. इसमें प्याज और शिमला मिर्च डालकर हल्का सा फ्राई कर लें और 2 मिनट बाद आंच बंद कर दें.

3.इसके बाद फेंटे हुए अंडे को सब्जियों के साथ मिक्स कर लें और इसे तवे पर डालकर फ्राई कर लें. इसके ऊपर कसा हुआ चीज डाल दें. अप चमचे से पिज्जा ऑमलेट को पलट कर हल्का सेंकें और इस तरफ भी कसा हुआ चीज डालें.

4.अब इस पर ब्रेड स्लाइस रखें. अब इसे पिज्जा सॉस और फ्राई की हुई सब्जियों से गार्निश करें. ऊपर से कद्दूकस किया हुआ चीज भी डालें. इसके बाद आंच बंद कर दें और पिज्जा को एक मिनट के लिए ढक्कन से ढंक दें ताकि चीज इसमें पिघल जाए

5.लीजिए बन कर तैयार हो चुका है आपका चीज पिज्जा ऑमलेट. अब इसे मजे लेकर आराम से खाएं और घर पर आये मेहमानों को भी खिलाएं।


# शब्द सामर्थ्य- 23

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 22 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | 10 | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| 14 | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | 18 | प | 20 | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | 24 |
| ची | 25 | | प | | पा | | 26 | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# सू-दोकू- 23

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.22का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |